# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.07.2017 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.07.2017 को अपरान्ह 5:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो. अंजिला गुप्ता, कुलपति | अध्यक्षा |
| 02. | प्रो. ए.एस. रणदिवे | सदस्य |
| 03. | प्रो. अनुपमा सक्सेना | सदस्य |
| 04. | प्रो. पी.के. बाजपेयी | सदस्य |
| 05. | प्रो. विशन सिंह राठौड़ | सदस्य |
| 06. | प्रो एम.के. सिंह | सदस्य |
| 07. | प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव | सदस्य |
| 08. | डॉ. रेणु भट्ट | सदस्य |
| 09. | प्रो. व्ही.डी. रंगारी | सदस्य |
| 10. | प्रो. शैलेन्द्र कुमार | सदस्य |
| 11. | डॉ. एम.सी. राव | सदस्य |
| 12. | डॉ. एस.एस. धुरिया | सदस्य |
| 13. | डॉ. राकेश पाण्डेय | सदस्य |
| 14. | प्रो. बी.एन. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

विषय क्र. 01 **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 07.04.2017 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 07.04.2017 के कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई।

विषय क्र. 02 **विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला के अंतर्गत Mining and Geology नवीन शैक्षणिक विभाग प्रारंभ करने के संबंध में विचार करना।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि स्थायी समिति के समक्ष की गई चर्चानुसार प्रो. मुकेश सिंह प्रस्तुत प्रस्ताव का पुनः परीक्षण करेंगे तथा परीक्षणोपरांत/पुनरावलोकनोपरांत यथोचित प्रस्ताव देंगे।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि पुनरावलोकनोपरांत प्रो. मुकेश सिंह से प्राप्त प्रस्ताव को स्थायी समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

विषय क्र. 03 **गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में स्थापित एवं संचालित "सेंटर फार एनडेंजर्ड लैंग्वेज" की कालावधि एवं उसके पश्चात भी वि.वि. Computational Linguistics में कोर्स चलाने की EC, AC एवं Board of Studies से स्वीकृति।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के वित्तीय उपलब्धता की स्पष्ट जानकारी प्रदान करते हुए यह प्रस्ताव प्रेषित किया जाये कि वि.वि. अनुदान आयोग या तो एनडेंजर्ड लैंग्वेज हेतु नया विभाग

खोलने की अनुमति प्रदान करें अथवा स्वीकृत सेंटर फार एनडेंजर्ड लैंग्वेज को चलाने के लिए वित्तीय सहायता सहित 2 वर्ष की समयावधि में विस्तार प्रदान करें।

**विषय क्र. 04** **वि.वि. अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में देवनागरी लिपि विभाग की स्थापना विषयक ।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि वि.वि. अनुदान आयोग से सहमति/स्वीकृति प्राप्त होने पर विभाग स्थापित किये जाने की कार्यवाही कर ली जावे।

**विषय क्र. 05** **विभिन्न शैक्षणिक विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए एक समान ग्रेडिंग सिस्टम लागू किये जाने के संबंध में विचार करना।**

समिति ने अधिष्ठाताओं एवं विभागाध्यक्षों की बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करते हुए अनुमोदन किया।

**विषय क्र. 06** **शोधार्थी पी0 वकुला कुमारी, प्रबंध अध्ययन के शोध ग्रंथ जमा करने बाबत्।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि वि.वि. के वर्तमान प्रचलित शोध विनियम में रेसिडेंसियल अवधि में स्पष्टता लाने के लिए एक समिति गठित की जावे। समिति का प्रतिवेदन यथाशीघ्र आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदया अधिकृत रहेंगी।

**विषय क्र. 07** **विभागीय शोध समिति के अध्यक्ष संबंधी।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि ऐसे विभाग जहां विभागाध्यक्ष मान्य शोध निर्देशक नहीं हो वहां विभागीय शोध समिति की अध्यक्षता उस विभाग के वरिष्ठतम आचार्य/सह–आचार्य जो शोध निर्देशक हों, करेंगे।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्तानुसार प्रावधान का समायोजन करते हुए सुसंगत अध्यादेश में संशोधन कर लिया जाये।

**विषय क्र. 08** **विभिन्न अध्ययन मण्डलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रम के अनुमोदन की पुष्टि पर विचार करना।**

समिति ने विभिन्न अध्ययनमण्डलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन किया।

**विषय क्र. 09** **अध्ययन मण्डल केमिकल इंजी0 विभाग द्वारा अनुशंसित शोध उपाधि के अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

समिति ने अध्ययनमंडल केमीकल इंजी. द्वारा प्रस्तावित प्री.पीएच.डी. कोर्स वर्क के अंक योजना का अनुमोदन किया।

**विषय क्र. 10** **डॉ0 दिलीप कुमार झा, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र को अर्थशास्त्र विषय में शोध निर्देशक मान्य किये जाने संबंधी।**

समिति ने दस्तावेजों के अवलोकनोपरांत यह निर्णय लिया कि प्रथमतः डॉ. दिलीप कुमार झा के संबंध में फकीर मोहन विश्वविद्यालय से जानकारी प्राप्त कर ली जाये। तदोपरांत जानकारी प्राप्त होने पर प्रकरण विद्या परिषद्/ स्थायी समिति की बैठक में फकीर मोहन विश्वविद्यालय का पत्र, अधिष्ठाता समाज विज्ञान अध्ययनशाला का प्रतिवेदन एवं अधिष्ठाता कला अध्ययनशाला के द्वारा डॉ. झा के संबंध में प्रदत्त प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत किये जाये।



Rsmy

विषय क्र. 11 **उपाधि प्रमाण पत्र में कुलपति महोदय/महोदया के हस्ताक्षर युक्त पद मुद्रा लगाये जाने के संबंध में विचारार्थ।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि कुलपति के हस्ताक्षर मुद्रा का उपयोग डिग्री/उपाधि जारी करने हेतु किया जाये।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उपाधि पर हस्ताक्षर मुद्रा अंकित करने के पूर्व यथा आवश्यक प्रक्रिया का पूर्ववत पालन परीक्षा शाखा द्वारा सुनिश्चित किया जाये।

विषय क्र. 12 **विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.टी) के निदेशक पद की स्थिति स्पष्ट किये जाने संबंधी।**

समिति ने प्राप्त प्रस्ताव का अवलोकन किया तथा निर्णय लिया कि निदेशक पद की स्थापना, वैधानिकता आदि के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पूर्व, पूर्व में गठित समिति ने प्रथमतः प्रतिवेदन प्राप्त कर लिया जाये।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि पूर्व में इस कार्य हेतु गठित समिति के दो सदस्य विश्वविद्यालय सेवा में नहीं है। अतः उनके स्थान पर अन्य सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदया अधिकृत रहेंगी।

विषय क्र. 13 **विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के आयोजन के संबंध में।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि दीक्षांत समारोह का आयोजन यथाशीघ्र किया जावे। दीक्षांत समारोह के तिथि निर्धारण, अतिथि निर्धारण हेतु कुलपति महोदया अधिकृत रहेंगी।

विषय क्र. 14 **शैक्षणिक 2017–18 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की सूचना।**

समिति ने सीट संख्या की सूचना ग्रहण की तथा निर्णय लिया कि कई राज्य विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं। अतः ऐसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जिनके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है उनके लिए नवीन आवेदन मंगाते हुए पुनः प्रवेश प्रदान करने के प्रयास किये जाये। इस हेतु दिनांक 30.07.2017 के पूर्व तिथि निर्धारित कर प्रवेश प्रदान किया जाये।

विषय क्र. 15 **छात्र/छात्राओं द्वारा आनर्स विषय में परिवर्तन हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन पर विचार करना।**

समिति ने यह निर्णय लिया कि शैक्षणिक सत्र 2018–19 से आनर्स परिवर्तन की अनुमति प्रदान न की जाये। इस हेतु विभागाध्यक्ष अपने छात्र/छात्राओं को सूचित करेंगे।

विषय क्र. 16 **वि.वि. के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन "भारत नवोन्मेष" का 15 – 17 अक्टूबर, 2017 तक की सूचना**

समिति ने सूचना ग्रहण की।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक संपन्न हुई।

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव

कुलपति/अध्यक्ष